मध्य प्रदेश शासन
धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग

क्रमांक एफ —9,8/छः/88 भोपाल, दिनांक 1988

प्रति,

कलेक्टर,
जिला ------------------------ [म० प्र०]

बिषय– प्रदेश में स्थित कब्रस्तानों पर से अतिक्रमण हटाने बावत् ।

संदर्भ :— इस विभाग का अर्द्ध शासकीय पत्र क० एफ–९/८/छः/८६ दिनांक २३-९-८५ पत्र क्र० एफ—९-८/छः/८६ दिनांक १०–११–८६ क्रमांक एफ—९–१८/छः/८६ दिनांक ३-२-८७ क्रमांक एफ-९-१८/छः/८६ दिनांक २५-५-८७ तथा क्रमांक १६२४ एफ–९–१८/८६ दिनांक १९-११-८७

उक्त विषय संदर्भ में चाहा गया था कि जिलों में स्थित कब्रस्तानों पर अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्धारित प्रपत्र पर प्रति माह प्रतिवेदन शासन को भेजा करें । यह देखने में आया है कि कुछ ही जिलों से यह प्रतिवेदन प्राप्त होते हैं और उनमें भी जानकारी अपूर्ण एवं संतोषजनक नहीं रहती है, अतः उपर्युक्त पत्रों को अधिक्रमित (Supercede) करके इस विभाग द्वारा अब आपके जिले में स्थित कब्रस्तानों पर जो अतिक्रमण है उनकी विस्तृत सूची सलंग्न कर भेजी जा रही है । शासन चाहता है कि इन अतिक्रमणो को वास्तविक रूप से हटाया जाये । यदि इस सूची के अलावा भी कोई अन्य कब्रस्तान है उसे सूची में सम्मिलित करें और प्रत्येक कब्रस्तान के बारे में वास्तविक स्थिति से इस विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें । प्रत्येक कब्रस्तान के बारे में यह भी जानकारी भेजी जावे कि क्या उक्त कब्रस्तान की फेंसिग/बाहर दीवारी बनी है और यदि नहीं तो कितनी अनुमानित लागत आयेगी ।

चूंकि मुख्य मंत्री जी द्वारा इस सबंध में फरबरी मास में समीक्षा की जावेगी, यह जानकारी ३१ जनवरी १९८८ तक किसी भी स्थिति में प्राप्त हो जावे इसे सुनिश्चित भी कृप्या कर लें ।

हस्ताक्षर
(एस० जी० मुवरीकर)
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग

पृ० क्र० एफ-९/८/छः/८७ भोपाल, दिनांक १-१-८८

प्रतिलिपि :—

आयुक्त ---------------------------------- सम्भाग की ओर अग्रेषित । कृपया सबंधित जिलाध्यक्षों को निर्देशित करें कि उक्त जानकारी इस विभाग को समयावधि में भेजें ।

२— वक्फ कमिश्नर, मध्य प्रदेश भोपाल एवं

३— सचिव, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

हस्ताक्षर
(एस० जी० मुवरीकर)
अवर सचिव

सम्भाग	जिला
१— बिलासपुर	बिलासपुर, सरगुजा
२— जबलपुर	जबलपुर, सिवनी, छिन्दवाड़ा मण्डला, बालाघाट
३— होशंगाबाद	होशंगाबाद
४— भोपाल	रायसेन, सीहोर, राजगढ़, बैतूल
५— सागर	सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़
६— रीवा	रीवा, शहडोल, सतना।
७— चम्बल	मुरैना, भिण्ड।
८— ग्वालियर	ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया
९— उज्जैन	उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, मन्दसौर, देवास।
१०— इन्दौर	इन्दौर, धार, झाबुआ, खरगौन खण्डवा।

सी० ए० एम० सर्कुलर नं० ४५ :—